**(अत्यावश्यक / आज ही)**

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य / मा–स / पर्यावरण (36) / वो–2 / 2025 दिनांक : As in E-Sign

**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक / प्रारम्भिक।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ / यूसीईईओ।**
**समस्त संस्था–प्रधान (सरकारी एवं गैर सरकारी)।**

**विषय :–** **दिनांक : 12 से 14 अगस्त, 2025** तक विशेष अभियान का आयोजन कर लगाये गये पौधों / वृक्षों की शत–प्रतिशत जियो टैंगिंग सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्तमान सत्र में चलाये जा रहे "वृक्षारोपण अभियान" (एक पेड माँ के नाम–2.0 अभियान / हरियालो राजस्थान अभियान) के सम्बन्ध में वांछित दिशा–निर्देश, समय–समय पर इस कार्यालय द्वारा समस्त विभागीय अधीनस्थों हेतु जारी किये गये हैं।

उक्त दिशा–निर्देशों की निरन्तरता में निर्देशित किया जाता है कि राज्य के समस्त विद्यालयों में दिनांक : 12 से 14 अगस्त, 2025 तक विशेष अभियान का आयोजन करवाते हुए, लक्ष्य अनुरूप लगाये गये पौधों की हरियालो राजस्थान ऐप / पोर्टल पर शत–प्रतिशत जियो टैंगिंग की जानी एवं उक्त की संख्यात्मक रिपोर्ट "हरियालो पाठशाला मॉड्यूल" पर अद्यतन की जानी सुनिश्चित करावें।

**नोट :– लक्ष्य अनुरूप लगाये गये पौधों के अनुरूप जियो टैंगिंग नहीं करने एवं उक्त सूचना (संख्यात्मक सूचना) सम्बन्धित पोर्टल पर अद्यतन न किये जाने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी / कार्मिक की जिम्मेदारी तय की जायेगी।**

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

**संलग्न : यथोक्त।**

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड़ किये जाने बाबत। (जरिये ई–मेल)
5. निजी सचिव / निजी सहायक / स्टाफ ऑफिसर कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
6. सहायक निदेशक, पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
7. रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation: Director
Date: 2025.08.12 0?:32:03 IST
Reason: Approved

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Kaj Ref No.: 17101116